है अपनी इक्कीसवीं रिपोर्ट में सिफारिश की है कि यदि पति और पत्नी कम से कम तीन वर्ष तक अलग रहे हैं तो उन मामलों को छोड़ कर जिनमें पत्नी यह दर्शित करने में समर्थ है कि ऐसी गम्भीर वित्तीय कठिनाई है या ऐसी परिस्थितियां विद्यमान हैं जिनसे यह स्थापित होता है कि विवाह को विघटित करना गलत होगा, हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अधीन, विवाह के असाध्य रूप से टूट जाने को विघटन का एक आधार बनाया जा सकता है। सिफारिशों की समीक्षा की जा रही है और विनिश्चय करने में कुछ समय लगेगा।

### कुछ गाड़ियों में प्रथम श्रेणी समाप्त किया जाना

*332. डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने लम्बी दूरी की कुछ गाड़ियों में प्रथम श्रेणी समाप्त कर दी है, ,

(ख) यदि हां, तो ऐसी गाड़ियों का क्या ब्यौरा है, और

(ग) आगामी वर्ष के दौरान अन्य जिन गाड़ियों में प्रथम श्रेणी समाप्त करने का विचार है उनका ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) (क) से (ग). जी नहीं। लेकिन, रेलों की यह नीति है कि लम्बी दूरी की नई गाड़ियों में केवल दूसरे दर्जे का स्थान सुलभ कराया जाये जिसमें गद्देदार शायिकाओं, पुस्तकें उधार देने वाले पुस्तकालयों, आदि के रूप में बेहतर सुविधाओं की व्यवस्था हो।

### अशोधित तेल क आयात के लायसेंस देने हेतु अपनाये गये मानदण्ड

*333. श्री भारत सिंह चौहान क्या पैट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या सरकार ने विदेशों से अशोधित तेल का आयात करने का निर्णय किया है ,

(ख) यदि हां, तो इस वर्ष अशोधित तेल का कितनी मात्रा में आयात किया जाना है ,

(ग) अशोधित तेल का आयात करने के लिए लाइसेंस देने हेतु क्या मानदण्ड अपनाये गए हैं ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?



पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) पेट्रोलियम उत्पादों की मांग को पूरा करने के लिए, देशीय कच्चे तेल की उपलब्धता देश की शोधनक्षमता और कम पड़ने वाले पेट्रोलियम उत्पादों की आयात की जाने वाली अपेक्षित मात्रा की जांच करने के पश्चात् कच्चे तेल का आयात करना आवश्यक है ।

(ख) वर्ष 1978–79 के दौरान 15 मि० मी० टन मात्रा के कच्चे तेल का आयात करने की आशा की जाती है।

(ग) आयात नीति, 1978–79 के अन्तर्गत, सरकार द्वारा अशोधित तेल के लिए की गई विदेशी मुद्रा की व्यवस्था के आधार पर खुले सामान्य लाइसेंस के अन्तर्गत इस उत्पाद का केवल इंडियन आयल कार्पोरेशन द्वारा ही आयात किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त तीन अन्य सार्वजनिक तेल के उपक्रमों मैसर्स हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड मद्रास रिफाइनरी लिमि० और कोचीन रिफाइनरी लिमि० को इनके हक में जारी किए गए पृथक् आयात लाइसेंस के अन्तर्गत कच्चे तेल का सीधे आयात करने की अनुमति दे दी गई है ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

### Indo-Europe Rail Link

*334 SHRI P RAJAGOPAL NAIDU

SHRI RAJENDRA KUMAR SHARMA

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state

(a) whether rail link between India and Europe will be established, and

(b) if so when?

THE MINISTER OF RAILWAYS (PROF MADHU DANDAVATE)

(a) and (b) At present, the Indian Railways are connected with the Pakistan National Railways, and the latter with Zahidan on the Iranian State Railways, via Mirjavoh The existing system thus provides for a through international rail movement from India to Iran upto Zahidan

There is a missing rail link in Iran from Zahidan to Kerman, around 550

kilometers in length the construction of which would involve substantial capital investment by the Iranian Government Only preliminary surveys of this link have been done but no decision has so far been taken by the Government of Iran about taking up construction

Once Zahidan is linked by rail with Kerman the Indian Railways would get connected with the European railway networks through the Middle East and West Asia

**मंत्रालय द्वारा गैर-सरकारी क्षेत्र को दिये गये लाइसेंस और ठेके**

*335 श्री सुभाष आहुजा क्या पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) गतवर्ष उनके मंत्रालय उसके सम्बद्ध कार्यालयों और सम्बंधित सरकारी उपक्रमों द्वारा गैर-सरकारी क्षेत्र को कितने लाइसेंस और ठेके दिये गये थे

(ख) क्या ऐसे ठेके और लाइसेंस देते समय सरकार आपात स्थिति से प्रभावित व्यक्तियों को तरजीह देगी और

(ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

पेट्रोलियम तथा रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) (क) से (ग) पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्रालय द्वारा कोई औद्योगिक लाइसेंस नहीं दिया जाता है। यह मंत्रालय उद्योग मंत्रालय को केवल उचित सिफारिशें भेजता है।

इस मंत्रालय के नियंत्रणाधीन उपक्रम अपने सामान्य कारोबार के दौरान अनेक सौदे करते हैं, जिनको ठेके में शामिल किया जा सकता है। इस सूचना को एकत्र करने में बहुत अधिक परिश्रम करना पड़ेगा और इसमें समय भी अधिक लगेगा, जो सरकार के विचार में प्राप्त होने वाले परिणामों के अनुरूप नहीं होगा।

लाइसेंस और ठेके देने के मामले में आपात स्थिति से पीड़ित व्यक्तियों को वरीयता देने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

**Agreement by I.D.P.L. with M/s. Pharmafin, Italy**

*336 SHRI MOTIBHAI R CHAUDHARY

Will the Minister of PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state

(a) details of the agreement made during last three years by IDPL with M/s Pharmafin, Italy, date of President's accord of approval and dates on which remittances were made,

(b) what technology has been provided during last one year by Pharmafin to IDPL and how far it has helped increased production of bulk drugs, and

(c) how many complaints have been received against this collaboration details and action taken on these complaints?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI H N BAHUGUNA):

(a) The details of agreements made during the last three years by IDPL with M/s Pharmafin of Italy dates of approval and dates and quantum of remittances are indicated in the Statement attached

(b) The strains basic data and other documentation including the raw material specifications usages yield, etc were received and further implementation as provided in the agreements is in progress

(c) Communications from two Hon'ble Members of Parliament were received mainly on the need for seeking know how and strain for Penicillin with reference to the agreement of Hindustan Antibiotics Limited for